भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS/GRIH MANTRALAYA
बिहार के जनगणना निदेशक का कार्यालय
OFFICE OF THE DIRECTOR OF CENSUS OPERATIONS, BIHAR
बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800 004
Bihar State Co-Operative Bank Bhawan, Ashok Raj Path, Patna-800 004
Phone No. 0612-2675929, 2675672, Fax-0612-2675049 Email dco-bih.rgi@censusindia.gov.in

भारत की जनगणना CENSUS OF INDIA 2011

पत्रांक डी.11012/1/2012 – 538 दिनांक– 24/7/2015

निविदा आमंत्रित

कार्यालय के आंकड़े संग्रहण केन्द्र में रखे Movable Chair के मरम्मत के लिए मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदा दिनांक 31.07.2015 के 3.00 बजे अपराह्न तक बिहार के जनगणना निदेशक के कार्यालय, बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, तृतीय तल, अशोक राजपथ, पटना–4 में प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त निविदा को दिनांक 31.07.2015 को ही 4.00 बजे अपराह्न में खोला जाएगा। निविदा खुलते समय निविदादाता/प्राधिकृत प्रतिनिधी उपस्थित रह सकते हैं।

कार्य का विवरण

1) आंकड़े संग्रहण केन्द्र में रखे 90 Movable Chair के मरम्मत पर आने वाले कुल दर प्रस्तुत करना होगा। (Movable Chair कार्यालय में देखा जा सकता है)

2) उपरोक्त कार्य/सुविधाएँ न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले फर्म को कार्यादेश जारी होने के उपरांत दो दिनों में कार्य प्रारम्भ करना होगा ।

3) मरम्मत के उपरांत 6 माह की वारंटी देनी होगी। 6 माह के अन्दर Movable Chair में किसी प्रकार की खराबी आने पर मरम्मत फर्म द्वारा की जायेगी, जिसके लिए किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जायेगा।

4) निविदा प्रस्तुत करने हेतु निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन निविदादाताओं को करना होगा।

A निविदा पत्र दिनांक 31.**07.2015** तक अपराह्न **3.00** बजे जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, तृतीय तल, अशोक राजपथ, पटना–800 004 के टेंडर बॉक्स में अथवा कुरियर/डाक द्वारा प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित तिथि/समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा उक्त तिथि को 4.00 बजे अपराह्न् में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकते हैं।

B सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

C निविदा प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि के पूर्व निदेशालय को निविदा के किसी भी शर्त को परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसकी सूचना आवश्यकतानुसार संबंधित फर्म को भी उपलब्ध करा दी जायेगी।

D निविदा पूर्णतः या अंशतः रद्द करने का अधिकार निदेशालय को सुरक्षित है।

E फर्म केन्द्र/राज्य सरकार के किसी कार्यालय द्वारा काली सूची में नहीं हो का प्रमाण अपने लेटर पैड में उल्लेख करना होगा।

F निविदादाता को निविदा पत्र प्रस्तुत करने के समय लिफाफा के उपर मोटे–मोटे अक्षर में ' Movable Chair के मरम्मत **करने हेतु निविदा**' लिखा जाना अनिवार्य है।

G आयकर द्वारा जारी पैन कार्ड नम्बर की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

H फर्म का निबंधन संबंधित कागजात प्रस्तुत करना होगा।

I नियमानुसार टी.डी.एस. की कटौती की जाएगी।

24/7/15

(धीरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (का० अ०)

1. ORGI Website
2. Notice Board